भक्तों का बेड़ा करदे पार भवानी

भक्तों का बेड़ा करदे पार भवानी,
तेरी जग में शान भवानी,
तेरी जग में शान भवानी।

अंधों ने माँ आंखे पायीं,
मुर्ख भये गुणवान भवानी,
तेरी जग में शान भवानी॥

बांझन को मा पुत्र दिये है,
निर्धन भये धनवान भवानी,
तेरी जग में शान भवानी॥

गूंगे जय जय बोले तेरी,
निर्वल भये धनवान भवानी,
तेरी जग में शान भवानी॥

तेरी कृपा माँ जो हो जावे,
भिक्षु देवे दान भवानी,
तेरी जग में शान भवानी॥

तेरे दर्श बिन बापस न जाऊं,
हमने लिया है ठान भवानी,
तेरी जग में शान भवानी॥

थोड़ी दया मुझ पर भी करदे,
राजेन्द्र है नादान भवानी,
तेरी जग में शान भवानी,
भक्तों का बेड़ा करदे पार भवानी........

गीतकार /गायक-राजेन्द्र प्रसाद सोनी

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24147/title/bhakto-ka-beda-karde-par-bhawani

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |